5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# CCL

Fuelling Sustainable Growth

अंक : 613–14 वर्ष 46 राँची, फरवरी–मार्च, 2025

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका



# 'कोल इंडिया राँची मैराथन 2025' का ऐतिहासिक समापन



"कोल इंडिया राँची मैराथन 2025" का एक दृश्य

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित 'कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' का शानदार समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित मैराथन में इस वर्ष 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) और AIMS (Association of International Marathons and Distance Races) द्वारा प्रमाणित किया गया था।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में माननीय पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, झारखंड, श्री एस. एन. पाठक; अध्यक्ष, सीआईएल, श्री पीएम प्रसाद; पूर्व अध्यक्ष, सीआईएल, श्री प्रमोद अग्रवाल; सीएमडी, सीसीएल, श्री निलेंदु कुमार सिंह; सीएमडी, ईसीएल, श्री सतीश झा; पूर्व सीएमडी सीसीएल/निदेशक तकनीकी ( संचालन) सीआईएल, श्री बी वीरा रेड्डी; सचिव (खेल कला एवं संस्कृति), झारखण्ड सरकार, श्री मनोज कुमार; निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, श्री विनय रंजन; निदेशक (बीडी), सीआईएल, श्री देबाशीष नंदा; सीवीओ, सीआईएल, श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी; निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल, श्री हरीश दुहान; निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र; निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा; सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार; निदेशक (कार्मिक), ईसीएल, श्री गुंजन कुमार सिन्हा; वरीय सुरक्षा सलाहकार, सीआईएल, श्री आलोक कुमार पटारिया सहित बड़ी संख्या में राज्य सरकार के वरीय अधिकारी,सीसीएल कर्मी, हितधारक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गणमान्यों द्वारा फ्लैग ऑफ कर कोल इंडिया मैराथन 2025 का शुभारंभ किया गया। मैराथन सुबह 5:00 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी से शुरू होकर कांके रोड होते हुए पुनः मोराबादी में संपन्न हुई। कोल इंडिया द्वारा विजेताओं को 35.1 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित की गई।

## प्रतियोगिता के विजेता एवं पुरस्कार राशि

### फुल मैराथन (42 किमी) – पुरुष श्रेणी

प्रथम स्थान : ज्ञान बाबू (2:26:25) – रू. 3.3 लाख,
द्वितीय स्थान : राज शेखर पाठक (2:31:03) – रू. 2.2 लाख,
तृतीय स्थान : दीपा राम (2:34:49) – रू. 1.1 लाख

### फुल मैराथन (42 किमी) – महिला श्रेणी

प्रथम स्थान : रीनू (2:53:31) – रू. 3.3 लाख,
द्वितीय स्थान : अर्पिता सैनी (3:03:23) – रू. 2.2 लाख,
तृतीय स्थान : भारती (3:04:08) – रू. 1.1 लाख

### हाफ मैराथन (21 किमी) – पुरुष श्रेणी

प्रथम स्थान : हरमनजोत सिंह (1:05:14) – रू. 2.2 लाख,
द्वितीय स्थान : लोकेश चौधरी (1:05:57) – रू. 1.1 लाख,
तृतीय स्थान : अभिषेक (1:06:20) – रू. 55 हजार

### हाफ मैराथन (21 किमी) – महिला श्रेणी

प्रथम स्थान : भारती नैन (1:15:32) – रू. 2.2 लाख,



फुल मैराथन के विजेता को पुरस्कृत करते सीआइएल अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

द्वितीय स्थान : ममता राजभर (1:20:45) – रू. 1.1 लाख, तृतीय स्थान : डिंपल सिंह (1:21:29) – रू. 55 हजार।

### 10 किमी दौड़ – पुरुष श्रेणी

प्रथम स्थान : शुभम सिंधु (0:29:31) – रू. 1.1 लाख, द्वितीय स्थान : आनंद (0:29:42) – रू. 75 हजार, तृतीय स्थान : अजय कुमार बिंद (0:30:01) – रू. 55 हजार।

### 10 किमी दौड़ – महिला श्रेणी

प्रथम स्थान : केएम ज्योति (0:34:16) – रू. 1.1 लाख, द्वितीय स्थान : पूजा वर्मा (0:34:27) – रू. 75 हजार, तृतीय स्थान : केएम संगीता पाल (0:35:39) – रू. 55 हजार।

पद्म विभूषण विजेता और महान भारतीय बॉक्सर मैरी कॉम, जो इस आयोजन के मुख्य आकर्षण थीं, ने मैराथन में भाग लेने वाले सभी धावकों को प्रेरित किया और कहा, "इस आयोजन ने साबित कर दिया कि भारत में खेलों के प्रति जुनून लगातार बढ़ रहा है। मैं सीसीएल को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं और उम्मीद करती हूँ कि भविष्य में यह और भी बड़ा बनेगा।" उन्होंने आगे कहा कि जो फिट है वही हिट है।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री पीएम प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, "जनता के बीच शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह मैराथन न केवल एक दौड़ है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक मंच भी है।"

सीसीएल के सीएमडी, श्री निलेंदु कुमार सिंह ने धावकों की सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "सीसीएल अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में, हमने तीसरी बार कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में सौहार्द्र और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। हम प्रतिबद्ध हैं कि ऐसे आयोजन हर साल और बड़े स्तर पर किए जाएंगे।"

निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, श्री विनय रंजन ने कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए एक मंच है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक सशक्त माध्यम है।"



फुल मैराथन के विजेता को पुरस्कृत करते सीआइएल अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

## सुविधाएँ और सुरक्षा प्रबंधन

पूरे मैराथन मार्ग पर एनर्जी स्टेशन, जल आपूर्ति केंद्र, मेडिकल सहायता टीमें, एंबुलेंस और सुरक्षा कर्मी तैनात थे। झारखंड सरकार, स्थानीय प्रशासन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय सुविधाएँ प्रदान की गईं।

'तृतीय कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' ने झारखंड को देश के धावकों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। यह आयोजन हर साल और बड़े स्तर पर किया जाएगा, जिससे अधिक धावकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

ज्ञात हो कि सीसीएल, सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में न केवल कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहा है वरन कला, खेल, स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में नवीन पहलों की शुरुआत कर नए आयाम को छू रहा है। यह मैराथन इसी पहल की एक कड़ी है।

# कोल इंडिया को मिला प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड




"गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवार्ड 2024" प्राप्त करते हुए कोल इंडिया अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन

कोल इंडिया लिमिटेड को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024' से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पाँच वर्षों से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70% से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है।

भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया, आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए और कोविड–19 के प्रसार को रोकने हेतु 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।

" जो तुम सोचते हो, वो बन जाओगे,
यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तुम कमजोर हो जाओगे,
अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तुम ताकतवर हो जाओगे। "

– स्वामी विवेकानंद

# जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन



निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर में मरीज का जाँच करते चिकित्सक

जन आरोग्य केन्द्र, गाँधीनगर में दिनांक 13 फरवरी 2025, गुरुवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच एवं लेंस प्रत्यारोपण स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 122 लोगों की निःशुल्क जाँच की गई, जिसमें से 30 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन सभी मरीजों की निःशुल्क सर्जरी गाँधीनगर अस्पताल में की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, अन्य सभी मरीजों को आवश्यक दवाएँ दी गईं एवं हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन की भी निःशुल्क जाँच की गई।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश जैन (सीएमएस, सीसीएल), डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. रजनी दीपा कुजूर, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. आशिमा, डॉ. दीपाली, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. नरेश, डॉ. पारुल, डॉ. शांभवी, डॉ. दिव्या, डॉ. वीणा, डॉ. ज्योति का सराहनीय योगदान रहा।

इसके अलावा मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, देवदत्त गुप्ता, हरमन एवं समस्त पारा–मेडिकल स्टाफ ने भी शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# सीएचडी से पीड़ित बच्चों के लिए सीसीएल का सराहनीय पहल : "सीसीएल नन्हा सा दिल"




समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

विश्व जन्मजात हृदय दोष जागरूकता दिवस के अवसर पर, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने झारखंड में सीएचडी से पीड़ित बच्चों की जाँच, निदान और सर्जरी में सहायता करने के लिए "सीसीएल नन्हा सा दिल" शुरू करने के लिए कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली में 14 फरवरी को श्री सत्य साईं स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट (एसएसएसएचईटी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। झारखंड के 5 परिचालन जिलों को कवर करते हुए, यह परियोजना 45,000 बच्चों की मुफ्त जांच और उन्नत परीक्षण, पोस्ट–ऑपरेटिव देखभाल और यात्रा सहायता सहित निःशुल्क 500 सर्जरी करेगी। इस कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त, सत्य साईं ट्रस्ट के अध्यक्ष और कोयला मंत्रालय, सीआईएल, सीसीएल और एनसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र को "टॉप एचआर इनोवेटर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया

मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर) में उत्कृष्ट नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए "टॉप एचआर इनोवेटर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सतत प्रयासों, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की उनकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करता है।

श्री मिश्र के नेतृत्व में, सीसीएल ने एचआर एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की हैं, जो न केवल संगठन के भीतर एक समावेशी और सशक्त कार्य संस्कृति विकसित कर रही हैं, बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी उत्पन्न कर रही हैं।

श्री मिश्र के मार्गदर्शन में सीसीएल ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अनेक प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है, जिनमें कर्मचारी सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, सीएसआर के अंतर्गत सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है।

उनके नेतृत्व में सीसीएल ने एचआर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं को अपनाते हुए उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं।




"टॉप एचआर इनोवेटर" पुरस्कार प्राप्त करते सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

श्री हर्ष नाथ मिश्र की यह उपलब्धि संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, नेतृत्व कौशल और अभिनव सोच का परिचायक है। उनकी कार्यशैली ने सीसीएल को मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की है और सतत विकास की ओर अग्रसर किया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा 20 फरवरी को राँची के इचापीढ़ी गाँव में निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 135 लोगों की निःशुल्क जाँच की और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जाँच किया गया और दवा भी दिया गया।

ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से समय–समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सीएमओ,सीएसआर, इंचार्ज, डॉ रजनी दीपा कुजूर, डॉ दीपाली, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य

# सीसीएल की नैवेद्यम परियोजना : राँची के उरुगुट्टू गाँव में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए 'पोषण सप्ताह' का आयोजन

नैवेद्यम परियोजना के तहत सीसीएल ने 14 फरवरी को राँची के उरुगुट्टू गाँव में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए 'पोषण सप्ताह' के रूप में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत 200 सैम बच्चों के माता–पिता को उनके स्वास्थ्य और कल्याण में सहायता के लिए पौष्टिक भोजन, ईसीडी किट और कंबल प्रदान किए गए। सीसीएल के इस पहल से लोगों को बहुत लाभ हुआ और उक्त गाँव के सभी लोगों ने इसकी सराहना की।

यह पहल बाल स्वास्थ्य, पोषण देखभाल और सामुदायिक कल्याण के प्रति सीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




# सीसीएल ने गोवा में 'नया भारत : ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' की तीसरी डेस्टिनेशन प्रदर्शनी में 'सर्वश्रेष्ठ स्टॉल' का पुरस्कार जीता

विगत माह गोवा में आयोजित 'ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' की तीसरी डेस्टिनेशन प्रदर्शनी में सीसीएल ने भाग लेते हुए एक जीवंत प्रदर्शनी लगायी जिसमें कंपनी की उपलब्धियों, अभिनव पहलों और प्रदर्शन को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का विषय 'आत्मनिर्भर भारत–विकसित भारत' था।

प्रदर्शनी का उद्‌घाटन माननीय राज्य सभा सांसद श्री सदानंद सेठ तनावड़े ने किया। इस अवसर पर गोवा के माननीय पर्यटन मंत्री श्री रोहन ए. खाउंटे तथा श्री मौविन गोधीनो सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

श्री प्रमोद सावंत माननीय मुख्यमंत्री, गोवा ने सीसीएल स्टॉल का दौरा किया और सीसीएल के प्रयासों की सराहना की।

सीसीएल ने उक्त प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार जीता। श्री आलोक कुमार विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर) ने पुरस्कार प्राप्त कर सीसीएल के सीएमडी श्री एन. के. सिंह को भेंट की।



गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए सीसी एंड पीआर के विभागाध्यक्ष श्री आलेक कुमार



विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर) श्री आलोक कुमार गोवा में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार प्राप्त करते हुए




गोवा में सीसीएल स्टॉल का एक दृश्य

# रजरप्पा क्षेत्र द्वारा योग एवं ध्यान कार्यशाला का सफल आयोजन

19 फरवरी को सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र द्वारा खनिकर्म से जुड़े कर्मियों की उत्पादकता एवं मानसिक–शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से “योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि” विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।




इस कार्यशाला का उद्घाटन गिरिडीह लोकसभा सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के निदेशक श्री अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान से आचार्य अमरेश झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।




इस कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड्डा, बरका–सयाल, कुजु, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र श्री कल्याणजी प्रसाद ने सभी महानुभावों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल तनाव प्रबंधन में सहायक होता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होता है।

मुख्य प्रशिक्षक श्री अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दौरान कर्मियों को विभिन्न योग मुद्राओं एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया।





कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (सीडी) श्री आशीष झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) श्री मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी श्री सुबोध कुमार चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा श्रम संगठन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

इस आयोजन के माध्यम से कर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया।

# 67वाँ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भव्य रूप से संपन्न

खान सुरक्षा महानिदेशालय, राँची, कोडरमा और चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, एनटीपीसी, टाटा स्टील एवं डीवीसी के कोयला खदानों में 67वाँ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का आयोजन दिनांक 04 दिसंबर 2024 से 13 दिसंबर 2024 तक किया गया। इस कार्यक्रम का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 01 मार्च 2025 को सीसीएल के मगध–संघमित्रा क्षेत्र के मेजवानी में बचरा में भव्य रूप से संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के दौरान श्रमिक की मूर्ति पर माल्यार्पण करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

## मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशक श्री उज्ज्वल ताह थे। समारोह की अध्यक्षता सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उप खान सुरक्षा महानिदेशक डॉ. एस. एस. प्रसाद मंचासीन थे।

कार्यक्रम में महिला विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें श्रीमती वृति ताह : प्रथम महिला, खान सुरक्षा महानिदेशालय, श्रीमती प्रीति सिंह : अध्यक्षा अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल एवं श्रीमती आरती प्रसाद शामिल थीं।

इनके अलावा श्री आफताब अहमद : निदेशक, खान सुरक्षा, राँची क्षेत्र, श्री एन. पी. देवरी : निदेशक, खान सुरक्षा, कोडरमा क्षेत्र, श्री आर. आर. मिश्रा : निदेशक, खान सुरक्षा, चाईबासा क्षेत्र, श्री पवन कुमार मिश्रा : निदेशक (वित्त), सीसीएल, राँची, श्री हर्ष नाथ मिश्र : निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, राँची, श्री हरीश दुहान : निदेशक (तकनीकी) (संचालन), सीसीएल, राँची, श्री चंद्रशेखर तिवारी : निदेशक (तकनीकी) (परियोजना एवं योजना), सीसीएल, राँची, श्री रमेंद्र कुमार : वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल थे।

इस समारोह के सफल आयोजन में श्री बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) एवं आईएसओ टीम, तथा श्री नृपेन्द नाथ, महाप्रबंधक, मगध–संघमित्रा क्षेत्र एवं उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## समारोह की मुख्य गतिविधियाँ

कार्यक्रम सभाध्यक्ष, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत से प्रारंभ हुआ। इसके उपरांत, सुरक्षा ध्वजारोहण, सुरक्षा शपथ ग्रहण, श्रमिक प्रतिमा पर माल्यार्पण, सुरक्षा ज्योति प्रज्वलन एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

इसके पश्चात अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया, जिसके बाद कॉर्पोरेट गीत का प्रस्तुतीकरण हुआ एवं सेवा कार्य के दौरान शहीद हुए श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत गान के साथ कार्यक्रम को गति मिली।

महाप्रबंधक (मगध–संघमित्रा क्षेत्र) ने स्वागत भाषण दिया, जिसके उपरांत महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), सीसीएल द्वारा सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत सुरक्षा स्मारिका का विमोचन किया गया।

इसके पश्चात, गणमान्य अतिथियों, सभाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने अपने ओजस्वी संबोधन से उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया।




कार्यक्रम का संबोधित करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

## सीसीएल सीएमडी एवं मुख्य अतिथि का संबोधन

इस अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा : "प्रयास आंकड़ों से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, और हमें सुरक्षा के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। डीजीएमएस से हमें निरंतर

सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है, जिससे हम अपनी सुरक्षा रणनीतियों को और प्रभावी बना सकते हैं। सीसीएल सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और हम श्सुरक्षा प्रथमश के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।"

इसके अलावा, मुख्य अतिथि श्री उज्ज्वल ता ने कहा : विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण डीजीएमएस की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए सीसीएल को बधाई दी और विशेष रूप से खनन क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका प्रशंसा की।

## नुक्कड़ नाटक एवं लेजर शो के माध्यम से सुरक्षा जागरूकता

सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से खान सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। इस नाटक के माध्यम से खदानों में सुरक्षा नियमों के पालन एवं सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया गया।

इसके बाद खान सुरक्षा विषय पर एक भव्य लेजर शो का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को अत्याधुनिक तरीके से सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। इस अनोखे शो ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।

## शून्य दुर्घटना मिशन पर विचार–विमर्श एवं सुरक्षा शपथ

सभी गणमान्य अतिथियों एवं सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों ने शून्य दुर्घटना मिशन एवं खदानों में सुरक्षा से संबंधित अपने विचार एवं दृष्टिकोण साझा किए। सभी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ ली, जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं अपने सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



सुरक्षा शपथ लेते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण एवं सीसीएल के अधिकारी–कर्मचारीगण

## सुरक्षा पुरस्कार वितरण




दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह एवं अन्य अतिथिगण

सुरक्षा मानकों के आधार पर खदानों के विभिन्न पहलुओं के आकलन के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खदानों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## ओवरऑल पुरस्कार विजेता खदानें

### ग्रुप ए (ओपन कास्ट खदानें)

1. प्रथम स्थान : एनटीपीसी का पकरी बरवाडीह ओपन कास्ट खदान
2. द्वितीय स्थान : सीसीएल का आम्रपाली ओपन कास्ट खदान
3. तृतीय स्थान : टाटा स्टील का टाटा एस.ई. ओपन कास्ट खदान

### ग्रुप बी (ओपन कास्ट खदानें)

1. प्रथम स्थान : डीवीसी का तुबिद ओपन कास्ट खदान
2. द्वितीय स्थान : सीसीएल का गिद्दी–ए ओपन कास्ट खदान
3. तृतीय स्थान : सीसीएल का सायल–डी ओपन कास्ट खदान

### भूमिगत खदानें

1. प्रथम स्थान : सीसीएल का ढोरी खास भूमिगत खदान
2. द्वितीय स्थान : सीसीएल का चूरी भूमिगत खदान
3. तृतीय स्थान : सीसीएल का गोविंदपुर भूमिगत खदान

## कार्यक्रम का सफल समापन

इस कार्यक्रम में खान सुरक्षा महानिदेशालय, एनटीपीसी, टाटा स्टील, डीवीसी, सीसीएल के

विभिन्न क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं मुख्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे। सीसीएल सुरक्षा समिति, कल्याण समिति, जेसीएससी एवं कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बने।

प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की भी इस कार्यक्रम में विशेष भागीदारी रही, जिन्होंने कार्यक्रम की जानकारी को व्यापक रूप से प्रसारित किया।

कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, आयोजन समिति एवं श्रमिकों के योगदान को सराहा गया।

# अर्पिता महिला मंडल ने शांति सदन में कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन वितरित किए

अर्पिता महिला मंडल ने समाज सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए ओरमांझी स्थित शांति सदन में 04 मार्च को एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत, संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और श्रीमती रीता मिश्रा के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के बीच 50 कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन के पैकेट वितरित किए। इस सहायता से शांति सदन के निवासियों को ठंड से राहत, व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण प्राप्त हुआ।



इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के जीएम और मुख्यालय की कमेटी मेंबर्स भी उपस्थित रहे और इस मानवीय कार्य की सराहना की। शांति सदन के निवासियों और कर्मचारियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

अर्पिता महिला मंडल ने इस पहल को अपने सामाजिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन आगे भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।



ओरमांझी के शांति सदन में मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के साथ अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह एवं मंडल की सदस्यायें

" आज हमें
ऊँच–नीच, अमीर–गरीब, जाति–पंथ के
भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए। "
– सरदार बल्लभभाई पटेल

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा : सीसीएल ने आयोजित की स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी

## स्वर्ण जयंती समारोह में सीसीएल ने पेश की महिलाओं की सफलता की कहानी



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार, पद्मश्री श्रीमती चामी मुर्मू एवं अन्य

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने 07 मार्च को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी–सह–विक्रय का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य उन महिलाओं की प्रेरणादायक यात्रा का जश्न मनाना था, जिन्होंने एसएचजी के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति सशक्त बनाई और सामाजिक प्रगति में योगदान दिया।

इस कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की अपर सचिव सुश्री रुपिंदर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (एचआर) श्री विनय रंजन, विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के निदेशकगण और सीएमडी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती चामी मुर्मू, जो झारखंड की प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं "लेडी टार्जन" के नाम से जानी जाती हैं, ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सीसीएल के सीएमडी, निदेशक मंडली एवं सीवीओ भी मंच पर मौजूद रहे।

**सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन :** सीसीएल की सामुदायिक सेवा प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, सुश्री रुपिंदर बरार ने दो महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाओं : शांति सदन वार्ड और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया।

### प्रदर्शनी–सह–विक्रय का आयोजन

इस कार्यक्रम में 10 गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने भाग लिया और अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की। विभिन्न समूहों ने अपने विशिष्ट उत्पादों के साथ स्टॉल लगाए :

- जन सहभागी विकास केंद्र : जूट उत्पाद
- झारक्राफ्ट : हस्तशिल्प एवं एप्लिक कार्य
- मार्सल प्राथमिक बुनकर सोसायटी : प्राकृतिक रंगों से बने हथकरघा वस्त्र
- स्तंभ : परंपरागत सोहराई पेंटिंग
- अमर जागृति केंद्र : डोकरा, सुजनी, बांस शिल्प और लाइव लाख चूड़ी निर्माण
- युवा : मशरूम आधारित व्यंजन एवं पोल्ट्री उत्पाद
- जन ज्योति एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट : परिधान
- मानव कल्याण वेलफेयर सोसायटी : महिलाओं द्वारा संचालित ड्रोन संचालन एवं प्रदर्शन
- बीएआईएफ : आईसीडीएस परियोजना प्रदर्शनी

**स्वादिष्ट क्षेत्रीय व्यंजन :** स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जिससे आगंतुकों को झारखंड की पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों का अनुभव मिला।

**महिला सशक्तिकरण को समर्पित आयोजन :** यह कार्यक्रम उन महिलाओं की सफलता का उत्सव था, जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता हासिल की और समाज में अपनी पहचान बनाई। सीसीएल की सीएसआर पहल महिला–केंद्रित कार्यक्रमों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उद्यमिता, कौशल विकास और




कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, साथ में मंचासीन विभिन्न गणमान्य अतिथिगण

आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देते हैं।

साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर सीसीएल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मेडिका अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा कैंसर जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सीसीएल की महिला कर्मचारियों और आस–पास की महिलाओं ने भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने महिलाओं को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, रोकथाम और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें निःशुल्क जांच की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई, जिससे वे स्वस्थ और सशक्त रह सकें।

ज्ञात हो कि सीसीएल, सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में न केवल कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहा है वरन कला, महिला सशक्तिकरण, खेल, स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में नवीन पहलों की शुरुआत कर नए आयाम को छू रहा है। यह प्रदर्शनी महिला सशक्तिकरण पहल की एक कड़ी है।

# प्रसिद्ध पर्वतारोही श्री सत्यरूप सिद्धांत के उत्तर ध्रुव अभियान को सीसीएल परिवार का समर्थन

प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही और विश्व रिकॉर्ड धारक श्री सत्यरूप सिद्धांत अप्रैल 2025 में उत्तर ध्रुव अभियान पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह ने 10 मार्च को उन्हें बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए ध्वजा सौंपी और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं सीसी एंड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने श्री सत्यरूप सिद्धांत को उनके अब तक के अद्भुत उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और उनके अभियान की सफलता की कामना की।



प्रसिद्ध पर्वतारोही श्री सत्यरूप सिद्धांत को राष्ट्रीय ध्वज देकर सम्मानित करते सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं सीसी एंड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक कुमार

श्री सत्यरूप सिद्धांत ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों और सबसे ऊँचे ज्वालामुखियों को फतह करने वाले दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही होने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने माउंट गुप्त पर्वत पर चढ़ाई करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति होने के साथ–साथ माउंट ब्रह्मा पर चढ़ने वाली पहली भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इसके अलावा, वे कई अन्य शिखरों पर चढ़ने वाले बिरले भारतीय हैं।

उत्तर ध्रुव अभियान पिछले छह वर्षों से भू–राजनीतिक परिस्थितियों, कोविड, युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण स्थगित होता रहा है। लेकिन इस वर्ष, यह अभियान 8 अप्रैल 2025 से रूस से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने दक्षिणी ध्रुव तक स्कीइंग अभियान भी पूरा किया था, और अब वे उत्तर ध्रुव के अंतिम छोर तक स्कीइंग करने की तैयारी में हैं ताकि देश का नाम रौशन कर सके और युवाओं में एक प्रेरणादायक संदेश दे सके। सीसीएल परिवार श्री सत्यरूप सिद्धांत को इस रोमांचक और ऐतिहासिक यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएँ देता है!

ज्ञात हो कि सीसीएल, सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में न केवल कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि कला, महिला सशक्तिकरण, साहसिक खेल और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई पहल करते हुए नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा 26 मार्च को राँची के टोंटे चौक एदलहातू गाँव में निःशुल्क लेप्रोसी (चर्म रोग) स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 201 लोगों की निःशुल्क जाँच की गई और डॉक्टरी सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जाँच किया गया और सभी को निःशुल्क दवा भी दिया गया ।

ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय–समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ अनिता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लाभार्थी का उपचार करते हुए सीसीएल के चिकित्सक

# इफ्तार समारोह का आयोजन, सौहार्द का संदेश

पवित्र रमजान महीने की पूर्व संध्या पर 26 मार्च को सीसीएल मुख्यालय, विचार मंच में एक भव्य "दावत–ए–इफ्तार" का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। इफ्तार के इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश फैलाया, जिससे सभी उपस्थित जनों में एकता और समर्पण की भावना जाग्रत हुई।

सीसीएल हमेशा से समावेशी मूल्यों को प्रोत्साहित करता रहा है और कर्मचारियों के बीच एकता, समानता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत करने का प्रयास करता है। इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर रमजान के इस पावन अवसर का आनंद लिया और सामूहिक एकजुटता का परिचय दिया।




मुख्यालय में आयोजित इफ्तार समारोह का एक दृश्य

कंपनी की यह परंपरा समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# "सरहुल पूर्व संध्या समारोह" का भव्य आयोजन

दरभंगा हाउस स्थित गंगोत्री कनवेंशन सेंटर के संगम ऑडिटोरियम में "सरहुल पूर्व संध्या समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न ट्रेड यूनियनों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समिति के अध्यक्ष श्री बृज किशोर राम सहित सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदि प्रार्थना से हुआ। धर्मगुरु श्री बंधन तिग्गा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है और यह हमें अपने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए हमें वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए और जल संरक्षण के उपायों को अपनाना चाहिए।



दीप प्रज्ज्वलित कर "सरहुल पूर्व संध्या" का शुभारंभ करते निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सम्मान समारोह के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ विभागाध्यक्ष (आ.ई. विभाग) श्री वी. के. शुक्ला एवं अन्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में 28 फरवरी को एक भव्य "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 100 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं – आई. ई. विभाग से श्री अरुण कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक (आई. ई.); भर्ती विभाग से श्रीमती अर्चना सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); उत्खनन विभाग से श्री धर्मेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. हेमंत केरकेट्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी; गांधीनगर अस्पताल से श्री सुनील के. एन., मुख्य रेडियोग्राफर; कल्याण विभाग से श्रीमती गीता कुमारी, वरीय लिपिक एवं लपंगा ड्रिलिंग कैंप से श्री मिटिक नाहक, रिगमैन।

समारोह में आई. ई. विभाग के विभागाध्यक्ष श्री वी. के. शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

> “ऐसे जिएँ कि जैसे आपको कल मरना है और
> सीखें ऐसे जैसे आपको हमेशा जीवित रहना है।”
>
> – महात्मा गांधी

# "समर्पण और सेवा के गौरवशाली सफर को सलाम" : सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई




सम्मान समारोह के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सी. एस. तिवारी

सीसीएल के मुख्यालय में एक भव्य "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 85 कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इनमें मुख्यालय में कार्यरत दो कर्मी : श्री ध्रुव नारायण दास एवं श्री मोहम्मद शमीम शामिल रहे।

समारोह में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सी. एस. तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक शॉर्ट फिल्म रही, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यकाल की झलकियाँ, उनके अनुभव एवं योगदान को दर्शाया गया। इस फिल्म में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी कार्ययात्रा साझा करते हुए सीसीएल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कंपनी की निरंतर प्रगति की कामना की।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी हमारे संगठन की आधारशिला रहे हैं। वर्षों के कठिन परिश्रम, समर्पण और निष्ठा से इन्होंने सीसीएल को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आप सभी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। आपकी कार्यकुशलता और अनुभव ने इस संगठन को मजबूत किया है। सेवानिवृत्ति केवल एक औपचारिकता है, लेकिन आप सभी सीसीएल परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे। हम आपके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हैं।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सी. एस. तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आज एक भावुक क्षण का साक्षी हूँ, क्योंकि हमारे बीच से वे साथी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिनके साथ हमने दशकों तक कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। श्री ध्रुव नारायण दास एवं श्री मोहम्मद शमीम जैसे समर्पित कर्मियों का योगदान अमूल्य रहा है। आपकी मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन ने कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपकी नई यात्रा सुखद एवं समृद्ध हो।

सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समाचार पत्रों में सीसीएल



Chairman-cum-Managing Director of Central CoalFields Limited (CCL) Nilendu Kumar Singh meets Chief Minister Hemant Soren at his official residence in Ranchi on Saturday. The CCL CMD invited the CM to attend the Coal India Marathon in Ranchi scheduled to be held on February 9. PNS

## सीसीएल जन आरोग्य केंद्र ने निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर किया आयोजित




रांची : सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर में दिनांक 13 फरवरी 2025, गुरुवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 122 लोगों की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें से 30 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन सभी मरीजों की निःशुल्क सर्जरी गांधीनगर अस्पताल में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, अन्य सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गई एवं हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और

## कोल इंडिया मैराथन के चैंपियन बने ज्ञान और रीनू, मिले 3.3 लाख

रांची, वरीय संवाददाता। कोल इंडिया मैराथन के तीसरे संस्करण का आयोजन मोरहाबादी मैदान में रविवार को किया गया। रांची सहित देशभर से आए 10 हजार धावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के ज्ञान बाबू व महिला वर्ग में रीनू विजेता बनीं। ज्ञान ने 2:26:25 सेकेंड और रीनू ने 2:53:31 सेकेंड में दौड़ पूरी करते हुए पहला स्थान हासिल किया। दोनों को 3.3 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया।

पुरुष वर्ग के मैराथन में राज शेखर पाठक (2:31:03 सेकेंड), दीपा



मोरहाबादी मैदान में रविवार को कोल इंडिया मैराथन में भाग लेते प्रतिभागी।



विजेता को सम्मानित करते अतिथि।

### इन्होंने भी लिया भाग

रांची। कोल इंडिया मैराथन में लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संत जेवियर्स के एनसीसी के 40 कैडेटों ने भाग लिया। बीआईटी मेसरा के डॉ निशिकांत ने हाफ मैराथन 1 घंटे 54 मिनट में पूरी की। पर्यटन सचिव मनोज कुमार, डीआईजी रेलवे प्रियदर्शी आलोक ज्ञान साहू, सीएमपीडीआई के अखिलेश कुमार व एसआरएसडी के मनोज कुमार ने भी भाग लिया।

आयोजन ने साबित ... | शारीरिक फिटनेस ... | खेल भावना के साथ समाज में सौहार्द ... एकता का संदेश पहुंचा। ...दु सिंह, सीएमडी सीसीएल

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस एसएन पाठक, वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर पद्म विभूषण मैरीकॉम, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), विनय रंजन, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) एचएन मिश्र आदि ने विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की।

की गई। इसकी शुरुआत सुबह 5 बजे फ्लैग ऑफ कर किया गया। फुल और हाफ मैराथन में शीर्ष 10 विजेताओं को बीच इनामी राशि बांटी गई। सभी विजेताओं के बीच 35.1 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि बांटी गई। मैराथन में शहर के कई ऐसे लोग शामिल हुए, जो शौक के लिए मैराथन का हिस्सा बनते हैं।

## सीसीएल ने रिकॉर्ड 6.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया

पंच संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र ने छह मिलियन टन कोयला उत्पादन कर अपने लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पिपरवार क्षेत्र को वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए छह मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था, जिसे क्षेत्र ने 17 जनवरी को ही पूरा कर लिया। इसके अलावा, 17 फरवरी तक 6.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिपरवार क्षेत्र अब तक 5.5 मिलियन घन मीटर ओवरबर्डन (ओबी) उत्पादन कर चुका है। मुख्यालय द्वारा डिपार्टमेंटल कोयला उत्पादन का लक्ष्य 1.5 मिलियन टन रखा गया था, जिसे पिपरवार क्षेत्र ने पहले ही पार कर लिया है। इस उपलब्धि के बाद सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह और डीटीओ हरीश दुहान ने ... दौरान 10 मिलियन ... उत्पादन का नया निर्देश ... इसे पूरा करने के लिए ... ने अपनी तैयारियां शुरु ... पिपरवार क्षेत्र के महा... कुमार ने कहा कि ... मुख्यालय द्वारा दिए गए ... को प्राप्त करने के लिए ... कर रहा है। अशोक ... पदाधिकारी जीतेंद्र कुमार ... कि कोयला खनन के ... भूमि संबंधी चुनौतियों ... पिपरवार प्रबंधन सीसी... नीलेंदु कुमार सिंह के ... महाप्रबंधक संजीव कु... में कोयला उत्पादन ... करने के लिए पूरी तरह ...

## सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार से हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर) में उत्कृष्ट नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सतत प्रयासों, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की उनकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करता है। श्री मिश्र के नेतृत्व में, सीसीएल ने एचआर एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की हैं, जो न केवल संगठन के भीतर एक समावेशी और सशक्त कार्य संस्कृति विकसित कर रही है, बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी उत्पन्न कर रही है। श्री मिश्र के मार्गदर्शन में सीसीएल ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अनेक प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है, जिनमें कर्मचारी सशक्तीकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, सीएसआर के अंतर्गत सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उनके नेतृत्व में सीसीएल ने एचआर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं को अपनाते हुए उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। हर्ष नाथ मिश्र की यह उपलब्धि संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, नेतृत्व कौशल और अभिनव सोच का परिचायक है। उनकी कार्यशैली ने सीसीएल को मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की है और सतत विकास की ओर अग्रसर किया है।



# समाचार पत्रों में सीसीएल

## आजाद सिपाही

## मगध-संघमित्रा की मेजबानी मे हुआ 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन

### एनटीपीसी, हिंडाल्को और टाटा ग्रुप के प्रतिनिधि हुए शामिल







आजाद सिपाही संवाददाता

## जेएसएसपीएस का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन, सीसीएल की एक महत्त्वकांक्षी पहल



जेएसएसपीएस का उद्देश्य और समर्पण



## सीएम से मिले कोल इंडिया चेयरमैन

रांची. कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. उनसे कोयला कंपनियों द्वारा किये जा रहे उत्पादन में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया. मुख्यमंत्री ने भी चेयरमैन से झारखंड के हितों के लिए काम करने का आग्रह किया. इससे पूर्व चेयरमैन ने सीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की. उनसे कोयला उत्पादन और डिस्पैच की स्थिति की जानकारी ली. कहा कि कंपनी देश की ऊर्जा जरूरत पूरा करने में अपना योगदान दे.

## सीसीएल में 'सरहुल पूर्व संध्या समारोह' का भव्य आयोजन



### मांदर और ढोल की थाप पर खूब झूमे युवा



## में मरीजों के बीच बांटी कई सामग्री



## सीसीएल ने आयोजित की स... सहायता समूहों की प्रदर्श...

नवीन मेल संवाददाता । रांची

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड



सिटीरिपोर्टर | रांची

अर्पिता महिला मंड... समाजसेवा की

## सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



रांची(विभा) : सीसीएल के जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा निःशुल्क खुन की कमी स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन राँची के सोदाग गाँव में किया गया । विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 102 लोगों की निःशुल्क जाँच की गई और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया और सभी को निःशुल्क दवा भी दिया गया । ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ दीपाली, डॉ आशीमा, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, डॉ बेंजामिन, डॉ शिम्पी, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा ।

## सीसीएल मुख्यालय में आयोजित हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक





राष्ट्रीय सागर संवाददाता

रांची : सीसीएल मुख्यालय में आज राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र वर्चुअल रूप से की। इस बैठक में महाप्रबंधक (ईई/राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, राजभाषा नोडल अधिकारी एवं सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सीसीएल में राजभाषा के प्रोत्साहन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं इसके और अधिक सशक्तिकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ को क्षेत्र स्तर पर, जबकि मुख्यालय से प्रशासन विभाग एवं नगर प्रशासन विभाग को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य हेतु शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, नराकास (उपक्रम), राँची के तत्वावधान में आयोजित अंतर-उपक्रमीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बोकारो एवं करगली क्षेत्र के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ज्ञानेन्दु चौबे तथा सीसी एंड पीआर विभाग, मुख्यालय के प्रबंधक (सा.वि.) मयंक कश्यप को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। सीसीएल द्वारा राजभाषा हिंदी के विकास एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Promote

"GET READY, RANCHI!

Padma Vibhushan, the legendary Ms Mary Kom is in town!

Listen to her message for the Coal India Marathon runners: "Fit hain, toh hit hain!"

Wishing all the runners an unforgettable, successful, and thrilling experience! #MaryKom #CoalIndiaMarathon #FitHainToHitHain @CoalMinistry @CoalIndiaHQ @kishanreddybjp @satishdubeyy @PIB_Coal @MangteC




**Central Coalfields Limited** · 09/02/25

The Coal India Ranchi Marathon 2025 was flagged off by Padma Vibhushan Ms Mary Kom in the presence of Chairman CIL Shri P.M. Prasad , senior officials of Coal India, state government and other esteemed dignitaries.

The event features various categories, including a 42 km full marathon, 21 km half marathon, 10 km run, and a 5 km run.




**Central Coalfields Limited** @CCLR... · 5d

Central Coalfields Limited (CCL) has taken a significant step towards promoting eco-tourism and environmental sustainability in Jharkhand. Recently, CCL signed a Memorandum of Understanding (MoU) with the District Administration of Ranchi to develop an Eco-Park at Dhurwa, with an investment of over Rs 2 crores under its Corporate Social Responsibility (CSR) initiative.

The Eco-Park, situated at the foothill of the Jagannath Temple, will feature beautiful landscaping, horticulture with fountains, a children's play area, cafeteria, and toilets. This project aims to enhance the tourist attraction of the site while promoting environmental conservation




**Central Coalfields Limited** @CCLR... · 6d

Central Coalfields Limited (CCL) recently participated in the PM Internship Outreach Program (PMIS) Job Fair, organized by the Confederation of Indian Industry (CII) at their Centre of Excellence in Kolkata .

This event, held on February 25, 2025, aimed to provide career exposure and opportunities for interns under the PM Internship Scheme.

A notable highlight of the event was the presence of the Secretary, Ministry of Corporate Affairs (MCA), who engaged in discussions with the interns.

Five CCL interns attended the occasion, gaining valuable insights and networking opportunities.



# सोशल मीडिया में सीसीएल

Central Coalfields Limi... · 07/03/25

On the occasion of Coal India Limited's Golden Jubilee celebrations, Central Coalfields Limited (CCL) organized an exhibition-cum-sale showcasing products made by Self-Help Groups (SHGs) to celebrate women's empowerment and their contribution.

The event highlighted inspiring Show more



Central Coalfields Limi... · 02/03/25

67th Annual Mine Safety Week 2024 prize distribution cum closing ceremony Concluded!

The Directorate General of Mines Safety (DGMS), Ranchi, Koderma & Chaibasa regions, successfully organized the 67th Annual Mine Safety Week 2024 from Dec 4-13, 2024 across coal mines of CCL, Show more



Central Coalfields Limit... · 11/03/25

Big boost to healthcare in Hazaribagh!

A state-of-the-art modular Operation Theatre (OT) was inaugurated at Sheikh Bhikhari Medical College, Hazaribagh, today, March 11, 2025.

The OT, set up at a cost of ₹2.21 crore, was jointly inaugurated by the DC Hazaribagh, Jharkhand, Show more



Central Coalfields Limited @C... · 4d

Congratulations #TeamCCL for achieving 86.25 MT coal production surpassing the previous year's milestone of 86.05 MT, three days ahead.

#AmazingCCL





(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)

सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक, (पीआर) बिट्टू कुमार, सहायक प्रबंधक (पीआर), सीसी एंड पीआर विभाग

CentralCoalfieldsLtd CCLRanchi centralcoalfieldsltd Central Coalfields Limited